हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री



रजिस्ट्री कार्यालय के पास अभी भी बेतरतीबी से वाहन खड़े किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 112 अवैध कनेक्शन पर 5 लाख 60 हजार रुपए की पेनाल्टी





**बिलासपुर।** निगम कमिश्नर ने कार्रवाई करते हुए 112 अवैध कनेक्शन को शुल्क लेकर वैध किया गया। जोन क्रमांक 2 क्षेत्र के सिरगिट्टी और तिफरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा अवैध नल कनेक्शन लिया गया है, जिसके खिलाफ नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर डोर टू डोर मार्किंग किया। जोन कमिश्नर भूपेंद्र उपाध्याय और टीम द्वारा मोहल्लों में जाकर अवैध नल कनेक्शन पकड़ा गया, जिसके बाद सभी अवैध कनेक्शन धारियों से पांच-पांच हजार रुपए का शुल्क लेकर अवैध नल कनेक्शन को वैध किया गया।

### उर्स मुबारक पर कव्वाली का प्रोग्राम आज

**बिलासपुर।** पुलिस लाइन में हजरत सैय्यद मदार शाह, हजरत सैय्यद अनवर और हजरत मोहम्मद जाकिर शाह का 75वां उर्स मुबारक मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुवार की सुबह 7 बजे कुरआन ख्वानि, 8 बजे परचम कुशाई, रात 10 बजे गुरल व शाही चादर पोशी के अलावा रात 11 बजे मिलाद ए महफिल का आयोजन हुआ। 8 और 9 मई की रात 9 बजे कव्वाली का शानदार प्रोग्राम एवं 10 मई रविवार की सुबह 7 बजे कुल की फातेहा का उर्स समापन किया जाएगा।

### पारे में उछाल, गर्मी से दी दस्तक



**बिलासपुर।** दो दिनों की राहत के बाद गर्मी ने एक बार फिर परेशान करना शुरू कर दिया है, गुरूवार को पारे में उछाल देखा गया और अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री दर्ज किया गया, हालांकि यह मई माह के सामान्य तापमान 43 डिग्री से कम है, लेकिन अचानक बढ़े तापमान ने लोगों को गर्मी से तरबतर होने के लिए मजबूर कर दिया है।

आंधी के बाद अधिकतम तापमान में कमी हो चुकी थी, दो दिनों तक लोगों ने राहत महसूस किया और पारा 33 से 36 डिग्री के बीच में रहा, लेकिन गुरूवार को अचानक तापमान 39 के ऊपर जा पहुंचा। इस दौरान सुबह से ही तेज धूप निकली और शाम 6.30 बजे तक सूरज की दस्तक आसमान में रही, जिसके प्रभाव से गर्मी का पारा बढ़ता रहा, इस दौरान कई क्षेत्रों में एक बार फिर बिजली की समस्या रही और घंटों मरम्मत कार्य के लिए सप्लाई ठप रही, जिसके चलते लोगों को पसीना बहाना पड़ा।

**जारी रहेगा उलटफेर**–मौसम में उलटफेर जारी रहेगा। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड के आसपास समुद्र तल से 0.9 किमी में द्रोणिका बन चुकी है। उड़ीसा के आंतरिक भाग और छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना रहेगी और मौसम में बार - बार बदलाव होगा।

### रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर अव्यवस्था से आक्रोश

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं को लेकर जनता में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जबकि मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह नदारद हैं। खराब सड़कों और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे लोगों को सीधा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर एनसीपी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश बिश्वास ने रेलवे प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन से मांग की है कि पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त की जाए, सड़कों की मरम्मत कराई जाए और यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# आंधी की परीक्षा में बिजली विभाग पस्त, 40 घंटे तक अंधेरे में रहे कई इलाके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की शाम आई आंधी ने बिजली विभाग का दम निकल दिया है, लगातार तीन दिनों तक बिजली विभाग के कर्मचारी काम में लगे रहे लेकिन इसके बावजूद कई घरों को रौशन करने में 40 घंटे से अधिक का समय लग गया। हालत यह है कि जहां बड़ी लाइन व खंबों को दुरूस्त करने में विभाग को समय लग गया, वहीं फ्यूज कॉल की शिकायतों को अनसुना किया गया, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। खास बात यह है कि इसके लिए उपभोक्ताओं ने अधिकारियों के मोबाइल, कार्यालय और टोल फ्री 1912 में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन राहत मिलने में काफी देरी होती रही।

- लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा मेंटनेंस और मरम्मत कार्य

### बिजली कर्मचारियों की आई शामत, लाइनमैन की कमी से जूझता रहा विभाग



### 200 मीटर दूर अपार्टमेंट में नहीं पहुंच सके कर्मचारी

नेहरू नगर बिजली कार्यालय व सबस्टेशन से महज 200 मीटर दूर सीके अपार्टमेंट में 30 घंटे से बिजली नहीं थी। लोगों की फरियाद सुनने वाले अधिकारी इस दौरान अपने कान बंद कर चुके थे, ना तक फ्यूज कॉल में शिकायत सुनी जा रही थी। अपार्टमेंट के लोगों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्हें लाइनमैन नहीं होने और फ्यूज कॉल के कर्मचारियों के बिजी होने के कारण चलता कर दिया। लोगों ने लगातार शिकायत की, मीडिया को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद आला अधिकारियों को भनक लगी और गुरूवार की शाम तक बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।

### लाइनमैन की परेशानी है

गुरूवार की शाम तक सभी जगहों की बिजली नार्मल कर ली गई थी, देरी इसलिए हुई है क्योंकि हमें पहले बड़ी लाइनों को ठीक करना था, इसके बाद ही फ्यूज काल और किसी एक घर की बिजली ठीक की जाती है। ट्रांसफार्मर लगाने में रूपए देने की बात अगर है तो इसके लिए संबंधितों से पूछताछ की जाएगी, ये नहीं होना चाहिए। लाइनमैन की कमी के कारण थोड़ी परेशान हो रही है, इसके लिए जल्द ही व्यवस्था की जाएगी।

**-एके अम्बस्ट**, कार्यपालक निर्देशक, विद्युत विभाग

### लगा ट्रांसफार्मर, 3 दिन अंधेरे में रही कालोनी

तिफरा 132 केवी सबस्टेशन से महज 300 मीटर की दूरी में स्थित इंद्रप्रस्थ कालोनी, विकास नगर और शांति नगर में मंगलवार की सुबह से बिजली नहीं थी, यहां ट्रांसफार्मर लगाया जाना था, लेकिन सुबह से शाम तक बिजली कर्मचारी महज टाइम पास करते रहे,वहीं शाम होते ही आंधी आने के बाद काम ठप पड़ गया। दो दिनों तक कर्मचारी ही नहीं मिलें। आखिरकार गुरूवार को रहवासियों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई और अधिकारियों ने ठेकेदार को बोलकर कर्मचारी भेजा लेकिन इस दौरान लाइनमैन नहीं मिल सका। ऐसे में रहवासियों ने 300-300 रूपए चंदा किया और लाइनमैन को पकड़कर ट्रांसफार्मर चालू कराया, करीब 4 बजे 3 दिनों से अंधेरे में रहे कालोनियों में बिजली सप्लाई हो सकी।

### क्षतिग्रस्त तार में दौड़ता रहा करंट, 48 घंटे बाद जोड़ा

यह विडंबना है कि बिजली विभाग में सालों से कर्मचारियों की कमी है लेकिन इसके बाजवूद भर्ती नहीं की जा रही है, पूरा सेटअप 10 साल पुराने ढर्रा में चल रहा है। महज 15 मिनट की आंधी ने विभाग के अधिकारियों के पसीने छुड़ा दिए है। अज्ञेय नगर में आंधी के कारण बिजली तार टूट गया। जिस व्यक्ति के घर का तार टूटा था, उसने इसकी शिकायत इंदू चौक फ्यूज कॉल में की, लेकिन इसके बाजवूद भी कर्मचारी नहीं पहुंचें। थक-हार कर व्यक्ति ने इसकी शिकायत श्याम टॉकिज स्थित कार्यालय व एई प्रीता एक्का से मोबाइल के माध्यम से की, लेकिन टूटे तार को जोड़ने में बिजली कर्मचारियों को 48 घंटे से अधिक का समय लगा। खास बात यह है कि 48 घंटे तक टूटे तारों से करंट दौड़ता रहा, इस दौरान हादसा होने से बड़ी चूक हो सकती थी।

## 17 करोड़ में बनेगा अशोकनगर से बिरकोना मार्ग, निर्माण में फिलहाल कई बाधाएं

# 18 मंदिर, 40 से अधिक बिजली पोल, कई अवैध कब्जे, ये हटेंगे तभी बनेगी 80 फीट की सड़क



**पोल हटाने सीएसईबी एक करोड़ 64 लाख मांग रहा, मकान और गुमटियां भी बेजा कब्जा में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। हालांकि इस सड़क निर्माण में अभी कई बाधाएं हैं और इसे दूर करने के लिए एक अभियान और एकीकृत योजना बनाकर काम करना होगा।

इस मार्ग में बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट तक 16 छोटे और एक बड़ा मंदिर है जो मुख्य सड़क पर कब्जा करके बनाए गए हैं। साथ ही कुछ घर और गुमटियां भी अवैध कब्जे में है। सड़क पर 40 से अधिक बिजली के पोल हैं जिसे हटाने के लिए सीएसईबी की ओर से करीब एक करोड़ 64 लाख रुपए की मांग की जा रही है। यही नहीं नालियां जो बन रही उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल है। इस क्षेत्र में कई अवैध और वैध कालोनियों बन गईं हैं। इन घरों का पानी नालियों में नहीं जाकर अगल बगल खाली जगहों में गिर रहा है। इससे गंदगी फैल रही है। नाली बनने के बाद इन घरों को इससे कनेक्ट किया जाएगा।

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित



गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है।

यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाए। साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। यदि जिम्मेदार विभाग ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी, तो यह परियोजना शुरू होने से पहले ही अव्यवस्था की भेंट चढ़ सकती है। फिलहाल जो नाली बन रही है उसमें भी कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नाली सीधी बननी है लेकिन उसे जगह-जगह से मोड़ दिया गया है। खास तौर पर दो बड़े घरों के सामने इसे तिरछा कर दिया गया है।

### दो चरणों में पूरा किया जाएगा निर्माण

गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जा रहा है।



### दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत

हरिभूमि ने गुरुवार को अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक का जायजा लिया पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है। पिछले करीब दो महीने से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

### चौड़ीकरण जनहित के लिए



लोगों को भी यह समझना होगा कि यह सड़क चौड़ीकरण और नालियों का काम जनहित के लिए ही है। जो कब्जे हुए हैं उन्हें हटाने में सहयोग करना ही होगा। बिजली के खंभे बिजली विभाग द्वारा ही लगाए गए हैं। अब इन्हें हटाने के लिए बिजली विभाग राशि मांग रहा है। व्यवस्थित और सही काम हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**- सुशांत शुक्ला**, बेलतरा विधायक

### खंभों के साथ ही सभी कब्जे हटाए जाएंगे



अशोकनगर में अव्यवस्थित काम के मामले में लोगों की शिकायत लगातार मिल रही है। सभी विभागों के अधिकारियों को इसके मद्देनजर गुरुवार की सुबह मौके पर बुलाया गया था। बिजली के खंभों के साथ ही सभी कब्जे हटाए जाएंगे। विवाद की स्थिति नहीं बने इसके लिए लोगों से चर्चा करते हुए काम को आगे बढ़ाया जाएगा।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

## सिक्यूरिटी संचालक रिटायर्ड आर्मी जवान का 25 लाख लेकर भागा गार्ड मास्टर

**बिलासपुर।** सिक्यूरिटी संचालक रिटायर्ड आर्मी जवान का 25 लाख रुपए लेकर उनका गार्ड मास्टर भाग गया है। पुलिस ने अमानत में खयानत का अपराध कायम कर लिया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, पेंड्रा आंदूल साधवा निवासी रिटायर्ड आर्मी जवान जगदीश साहू पिता पुन्नूलाल साहू बिलासपुर में रहकर सिक्यूरिटी सर्विस चलाते हैं। उनका काम कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी में चल रहा है। उनकी सिक्यूरिटी सर्विस में रायपुर टाटीबंध आमानाका निवासी संतोष गुप्ता पिता सत्यनारायण गुप्ता गार्ड मास्टर का काम करता था। श्री साहू अन्य सिक्यूरिटी गार्ड के वेतन की राशि गार्ड मास्टर गुप्ता के दो बैंक खाते में जमा करते थे। गुप्ता वेतन की राशि निकालकर स्वयं के खर्च कर रहा था। उसने विगत एक साल में वेतन की राशि 4 लाख 50 हजार रुपए निकालकर गबन कर दिया है। जानकारी होने पर श्री साहू ने उनसे पूछताछ की तो उसने अपनी पत्नी की तबियत खराब होने पर खर्च हो जाने की बात कही। इसी तरह के अन्य बहाने बनाकर श्री साहू से 20 लाख रुपए नकद ले लिया है। श्री साहू ने पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाया तो वह नौकरी व शहर छोड़कर भाग गया और मोबाइल बंद कर लिया है। श्री साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर गार्ड मास्टर संतोष गुप्ता के खिलाफ अमानत में खयानत बीएनएस की धारा 316, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अन्य व्यापरियों से लिया लाखों रुपए

पीड़ित साहू ने पुलिस को बताया, बिलासपुर में रहने के दौरान आरोपी संतोष कुमार ने व्यापार विहार के व्यापारियों से जान पहचान बना ली थी। उसने उन्हें मोटी रकम कमाने का लालच दिया। कुछ व्यापारी लालच में आकर उसे लाखों रुपए दे दिए है। उनका भी रकम लेकर गार्ड मास्टर फरार हो गया है। इस तरह से मामले में और भी शिकायतकर्ताओं की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ड्राइवर से मारपीट कर मोबाइल व नकद रकम लूटने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल की रात 1 ड्राइवर अनूपपुर निवासी सोनू बाजारा के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने मारपीट कर मोबाइल व 5 हजार रुपए नकद लूट लिया था। । 4 मई को तिफरा मन्नाडोल निवासी गुलशन साहू के साथ उक्त बाइक सवार युवकों ने विवाद कर मारपीट की। 7 मई को टीआई भावेश शेंडे, जीवन जायसवाल ने सिरगिट्टी नयापारा निवासी राहुल साहू व उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क की हालत पूरी तरह जर्जर, आवागमन में भारी परेशानी

# बारिश से पहले शुरू होगा कोनी-मोपका फोरलेन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी-मोपका फोरलेन सड़क निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सड़क का निर्माण दुर्ग की कंपनी के द्वारा किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अनुसार वर्कआर्डर जारी होते ही कंपनी के द्वारा बारिश के पूर्व ही इस सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। सड़क की वर्तमान स्थिति बेहद खराब है, जिससे लोगों को आवागमन करने में बड़ी परेशानी हो रही है।

कोनी से मोपका के बीच स्वीकृत फोरलेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके अंतर्गत दुर्ग की कंपनी को फोरलेन सड़क निर्माण का ठेका प्राप्त हुआ है। कंपनी को फिलहाल वर्क आर्डर जारी नहीं किया गया है। विभाग के अनुसार वर्कआर्डर जारी होते ही कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी, जिससे पूरी संभावना है कि निर्माण कार्य बारिश के पूर्व ही प्रारंभ कर दिया जाए। फोरलेन सड़क की कुल लंबाई तेरह किलोमीटर होगी, वहीं सड़क की चौड़ाई दोनों ओर साढ़े सात मीटर कुल पंद्रह मीटर की होगी। सड़क के बीचोबीच आठ फीट चौड़ाई में डिवाईडर भी बनाए जाएंगे, जिसमें प्लांटेशन भी किए जा सकेंगे। सड़क का निर्माण भविष्य में यातायात के बढ़ते दबाव एवं विभिन्न संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। विभाग के अनुसार सड़क की गुणवत्ता ऐसी होगी कि अगले बीस वर्षों तक इस पर आवागमन किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि कोनी-मोपका सड़क को पूर्व में टू-लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पहले दस मीटर चौड़ाई में बनने वाली उक्त सड़क की कुल लागत 60 करोड़ रूपए थी। यह सड़क डामर रोड बनाई जानी थी, जिसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होने ही वाली थी। इसी दौरान स्थानीय विधायक द्वारा शासन के समक्ष फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखा गया व स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई। पूर्व में इस सड़क को वर्ष 2010 में बनाया गया था, लेकिन उस दौरान ऐसा अनुमान बिल्कुल भी नहीं था कि सड़क पर यातायात का ऐसा दबाव बढ़ सकता है। यही कारण है कि सड़क पर बढ़ते यातायात के दबाव के कारण यह जल्दी ही जर्जर हो गई। वर्तमान में इस सड़क की हालत बेहद जर्जर है, जिस पर आवामन कर पाना काफी कठिन है।

**84 करोड़ की लागत से बनेगी कांक्रीट सड़क**

बीते वर्ष बारिश में यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे न केवल छोटे दुपहिया व चारपहिया वाहन, बल्कि बड़े भारी वाहनों को भी आवाजाही में काफी मुश्किल हो रही थी। इस सड़क पर लगातार वाहन पलटने की घटनाएं भी होती रहीं हैं। यही कारण है कि इस मार्ग पर आवागमन करने वालों की लगातार कमी होती गई, जिससे कई व्यवसाइयों द्वारा भी परेशान होकर अपना कारोबार फिलहाल बंद कर दिया गया है।

## हाईकोर्ट के 11 अधिवक्ता बने सीनियर एडवोकेट



**रजिस्ट्रार जनरल ने जारी की अधिसूचना**

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने अधिसूचना जारी कर सीनियर एडवोकेट के रूप में 11 अधिवक्ताओं को नामित किया है। इसमें शैलेन्द्र दुबे, रणवीर सिंह मरहस, हमीदा सिद्दीकी, यशवंत ठाकुर, अनूप मजूमदार, नीलाभ दुबे, अमृतो दास, मतीन सिद्दीकी, नौशिना अफरीन अली, अरविंद श्रीवास्तव, और तारेंद्र कुमार झा शामिल हैं।

गौरतलब है कि उच्च न्यायालय किसी वकील को उनके अनुभव (आमतौर पर 10-15 वर्ष से अधिक), योग्यता, प्रतिष्ठा और कानून में ज्ञान के आधार पर वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित करता है। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कानूनी पेशे का उच्चतम स्तर होते हैं, जो मुख्य रूप से जटिल मामलों में अदालत में बहस कानूनी राय देने और संवैधानिक/व्यापारिक मामलों में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। वे आमतौर पर सीधे मुवक्किल से केस नहीं लेते, बल्कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड के माध्यम से काम करते हैं और वे दस्तावेज़ ड्राफ्ट या साइन नहीं करते। वे संवैधानिक, जनहित याचिका , उच्च-मूल्य वाले व्यावसायिक विवाद और आपराधिक अपीलों में विशेषज्ञता रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### जनगणना का कार्य तेजी पर प्रगणक जुटा रहे सटीक जानकारी



**मुंगेली।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर में इन दिनों शासन के आदेशानुसार महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जनगणना का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके तहत प्रगणक नियुक्त किए गए शिक्षक गांव के हर मोहल्ले-गली में घर घर दस्तक देकर आम जनों से 33 बिंदुओं पर आवश्यक जानकारियां जुटा रहें है, प्रगणक ने बताया कि, ग्राम से जो लोग जीवकोपार्जन के लिए पलायन किए हैं, उनकी आवश्यक जानकारी एकत्र करने में परेशानी हो रही है। जनगणना में पारदर्शिता और आवश्यक जानकारी की सटिकता सुनिश्चित करने के लिए प्रगणक मुस्तैदी से काम कर रहें है, ग्रामीणों से आवश्यक बिन्दुओ में चर्चा कर जानकारी जुटा रहें हैं। प्रगणक ने बताया कि, अभी 100 घरों की जनगणना एकत्र कर ली गई है।

### ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर के 7 दिन पूरे



**मुंगेली।** शतरंज संघ की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का सातवां दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर स्थानीय आगर हाई स्कूल दाऊपारा में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को शिविर के सातवें दिन कुल 21 बच्चों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कोच और वरिष्ठ सदस्यों ने बच्चों को शतरंज खेल की बुनियादी रणनीतियों नियमों व मैच अभ्यास से अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 7:30 से 9:30 बजे तक निर्धारित है।


### संस्कार विद्या मंदिर सकेत के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**पथरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे संस्कार विद्या मंदिर उमा विद्यालय सकेत का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय पिछले 11 वर्षों से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास हेतु सतत प्रयासरत है। यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा 12वीं बायो समूह में निखिल वर्मा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनिश वर्मा ने 86.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा हिमांशी सोनवानी ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं एग्रीकल्चर समूह में संदीप यादव ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया एवं गुरु निषाद 73 प्रतिशत दूसरे व तम्रध्वज 67.4 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा 10वीं में निधि बांदे ने 84.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हंशिका साहू ने 81.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा मुकेश्वरी ने 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि, विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र सेवा की भावना से भी सशक्त बनाना है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

### आरके पब्लिक स्कूल बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में आरके पब्लिक स्कूल, बरेला का दबदबा रहा। कक्षा 10वीं के परिणामों में बालिकाओं ने एक बार फिर बाजी मारी है। गौरी मिश्रा ने 94.66 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आंचल



देवांगन 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और माही अग्रवाल 92.83 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह कक्षा 12वीं में भी छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। आर्या राजपूत ने 90.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। इनके साथ ही प्रार्थना गुप्ता ने 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और रुकसार फातिमा ने 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर शाला के संस्थापक रविन्द्र तिवारी ने कहा कि, तीन वर्षों से लगातार हमारे यहां 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट सौ प्रतिशत आ रहा है।

## समारोह में 117 टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# कलेक्टर बोले- लक्ष्य निर्धारित करने से मिलती है सफलता




- 12वीं में ताहिरा ने चौथा और ओंकार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर जिले के 117 टॉप विद्यार्थियों को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने पुष्पगुच्छ, प्रमाण पत्र, नगद राशि, उपहार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। न्यू सर्किट हाउस गौरेला में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कलेक्टर ने राज्य में 12वीं में ताहिरा खान को 97.60 प्रतिशत लाकर चौथा और ओंकार कैवर्त को 97.40 प्रतिशत लाकर पांचवा स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में जिले में टॉप विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

कलेक्टर ने जिले में टॉप रहे सभी छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में माता-पिता और प्राचार्य, शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने विशेष रूचि लेते हुए 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले में बेहतर परिणाम लाने जिले के सभी स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन लाने में उनके माता-पिता और शिक्षकों की अहम भूमिका है। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन से हमारा जिला गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर ने बताया कि यह परिणाम हासिल करने के लिए स्कूलों में शिक्षकों की शतप्रतिशत की उपस्थिति और प्रशासनिक कसावटे के साथ बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति के बाद यह परिणाम आया है। कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा को उभारने और उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के अनुभव और उनके प्रश्नों के जवाब देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके सफलता प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही मोबाइल फोन का सदुपयोग करने, अपने सेहत का ध्यान रखने, नींद पूरा करने और टाइम मैनेजमेंट कर पढ़ाई करने और अपनी रुचि के कार्यों को करने के लिए कहा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सभी विषयों का ज्ञान, करेंट अपेयर्स, सामान्य ज्ञान, जिले, राज्य, देश और इंटरनेशनल जानकारी रखने के लिए कहा। उन्होंने समारोह में उपस्थित प्राचार्यों से स्कूलों में बेहतर परिणाम लाने पर उनके अनुभव सुना। समारोह में विद्यार्थियों के साथ लंच भी किया गया।

# 3 बच्चों के साथ महिला लापता, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



- बहन के घर बिलासपुर जाने निकली पर पहुंच गई मुंगेली

3 बच्चों के साथ अपनी बहन से मिलने निकली महिला का पिछले तीन दिनों से पता नही चल रहा है, जिसकी शिकायत परिजनों ने तखतपुर थाने में दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सांवाडबरा निवासी देवी लाल जायसवाल की पत्नि कलेश्वरी जायसवाल 32 वर्ष अपने तीन बच्चों उमेश 12 वर्ष, लवण्या 9 वर्ष व उग्रेश 5 वर्ष के साथ सुबह 9:30 बजे बिलासपुर अपनी बहन के घर जाने के लिए निकली। वह ग्राम सांवाडबरा स्थित घर से अपने भतीजे के साथ दुपहिया वाहन में तखतपुर मंडी चौक पहुंची। उसके बाद भतीजे ने यहां से बिलासपुर के लिए बस पकड़ने की बात कहकर वापस चला गया। हैरानी की बात यह है कि, इधर कलेश्वरी जायसवाल बिलासपुर के बजाय मुंगेली जाने वाली बस में बैठ गई और वह मुंगेली पहुंच गई। इस दौरान उसने मुंगेली के पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल में बच्चों के साथ नाश्ता किया। शाम 4 बजे कलेश्वरी ने अपने पति देवी जायसवाल को फोन कर अपनी बहन के घर पहुंचने की जानकारी दी। बाद में पति देवी को पता चला कि, कलेश्वरी बिलासपुर नहीं पहुंची है, तो उसने पड़ताल शुरू की। सीसीटीवी कैमरा देखने से पता चला कि, वह मुंगेली पहुंच गई थी, जहां होटल में नाश्ता करने के बाद वह तीनों बच्चों के साथ गुम गई। इस पर परिवार को चिंता सताने लगी, और दिनभर पतासाजी की गई, लेकिन महिला का पता नहीं चला। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर महिला व बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सिलदहा में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

**सिलदहा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक केजूराम वर्मा द्वारा अपने सरगांव स्थित निवास में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 6 मई से हो गया है। कथावाचक ओम अंश दुबे द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भक्तिमय रसपान कराया जा रहा है।

### आज विधायक धर्मजीत करेंगे 5 सड़कों का भूमिपूजन

**सकरी।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शुक्रवार को तखतपुर विकासखंड में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' अंतर्गत 7.71 करोड़ की लागत से बनने वाली 5 सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसमें ग्राम ठाकुरकापा में दोपहर 1 बजे बेलपान-सिलतरा रोड से खरगा लागत 2.58 करोड़, मुड़ापार में दोपहर 2 बजे बेलपान से मुड़ापार रोड लागत 1.23 करोड़, निगारबंद में दोपहर 3 बजे निगारबंद से सुरीघाट रोड लागत 1.23 करोड़, ग्राम दैजा में शाम 4 बजे खम्हरिया बीजा रोड से गुड़ीपारा लागत 1.17 करोड़, शाम 5 बजे सकेती में बस्ती से जोगीदीप लागत 1.51 करोड़ की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक धर्मजीत सिंह के कर कमलों से संपन्न होगा।

### कार्यालय पहुंचने में देर कर्मचारियों को नोटिस

**तखतपुर।** शासकीय कार्यालय में विलंब से पहुंच रहे कर्मचारियों को एसडीएम और तहसीलदार ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। प्रशासनिक कसावट लाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीतिन तिवारी ने बुधवार 10 बजे नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में निरीक्षण किया, जिसमें नगर पालिका, जनपद, तहसील एवं अपने कार्यालय की जांच की। निरीक्षण के दौरान 27 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी ने कहा कि, सभी कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहना चाहिए एवं तय सीमा में आम आदमी की समस्या का तय सीमा में निराकरण किया जाना चाहिए। गायब रहने वाले कर्मचारियों पर आने वाले समय में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 3 लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले को 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गौरेला थाना क्षेत्र के ग्राम धनौली में ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर टंगिया से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी दामाद को न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। लाख ही आरोपी को अर्थदंड से भी दंडित किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 29 सितंबर 2025 की है। आरोपी धरम कोल अपने ससुराल ग्राम धनौली पहुंचा था। इसी दौरान घरेलू विवाद को लेकर उसका परिवार के लोगों से विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि, आरोपी ने घर में रखी टंगिया उठाकर अपनी पत्नी की बहन सुकवरिया बाई पर हमला कर दिया। आरोपी ने टंगिया के धारदार हिस्से से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान जब सुकवरिया बाई के माता-पिता बुधिया बाई और नानदाऊ कोल बीच-बचाव करने पहुंचे, तब आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने दोनों पर भी टंगिया से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घटना की सूचना मिलने पर गौरेला पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रार्थी बिहारीलाल कोल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी धरम कोल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। जांच पूर्ण होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष गवाहों के बयान और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष ने यह साबित किया कि आरोपी ने जान से मारने की नीयत से घातक हथियार का उपयोग करते हुए हमला किया था। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने माना कि आरोपी द्वारा किया गया हमला गंभीर और जानलेवा प्रकृति का था। हालांकि अदालत ने आरोपी को धारा 351(3) के आरोप से संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया, लेकिन भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास के तीन अलग-अलग मामलों में दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी धरम कोल को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक मामले में 1-1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। यदि आरोपी अर्थदंड की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## 37 बकरियों की चोरी के मामले में एक और गिरफ्तार



**बोदरी।** थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेवार एवं ग्राम सारधा में 37 बकरी-बकरा चोरी के 2 प्रकरण में पुलिस ने अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च को ग्राम सेवार एवं ग्राम सारधा में कुल 37 बकरी-बकरा की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की गई थी। उक्त प्रकरण में पूर्व में 2 आरोपियों हेमराज उर्फ हेमू उर्फ राहुल साहू पिता परस राम साहू उम्र 18 वर्ष निवासी चिल्हाटी थाना सरकंडा, नजीर खान उर्फ मजीद खान पिता शहीद खान उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चिल्हाटी थाना सरकंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। इसी क्रम में विवेचना दौरान शक के आधार पर चोरी के बकरी-बकरा खरीदकर कर दुकान में काटकर बिक्री करने वाले रहीस उर्फ टीरू उर्फ मुंडा खान निवासी चिल्हाटी सरकंडा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने 10 नग बकरे-बकरी को खरीद कर अपनी दुकान में काटकर बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग की गई मोटर साइकल एवं बकरा-बकरी काटने का औजार, तराजू व बिक्री की गई रकम सहित कुल 63 हजार का सामान जब्त किया गया।

## सीएम दौरे को लेकर अधिकारियों की बैठक



**मुंगेली।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 10 मई को प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दौरे के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग, यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, ग्रीन रूम, मुख्य मंच, बेरिकेडिंग एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की सतत मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर सभी विभागीय तैयारियों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नवप्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर्स का सम्मान



**जरहागांव।** क्षेत्र के ग्राम कुरानकापा में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनकर गांव लौटे युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल से लेकर मुख्य मार्ग तक आकर्षक सजावट की गई थी। नवप्रशिक्षित डॉक्टर समारोह स्थल पहुंचे तो फूलों की वर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट से स्थल गूंज उठा।

समारोह में डॉक्टर जयंत डिंडोले, डॉक्टर देवेश महावर, डॉक्टर भूपेश कुम्भारे, डॉक्टर अभिषेक खरे, डॉक्टर गरिमा ठाकुर, डॉक्टर शुभांगी टेकाम, डॉक्टर अंकिता साहू एवं डॉक्टर आरजू खलखो का विशेष सम्मान किया गया। डॉक्टर जयंत डिंडोले, शिक्षक गौकरण डिंडोले के सुपुत्र हैं, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इन सभी युवा डॉक्टर्स की सफलता ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सभी नवप्रशिक्षित चिकित्सक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से संबंध रखते हैं और अब चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज एवं मानवता की सेवा का संकल्प निभाएंगे। युवा डॉक्टर्स ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, आत्मविश्वास अडिग हो और मेहनत ईमानदार हो, तो कोई भी बाधा सफलता का मार्ग नहीं रोक सकती। इस मौके पर नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, सीएमओ नरेश महिष, विजय दीवान, बीईओ मुंगेली जे. के. बावरे, एबीईओ प्रदीप दिवाकर, बीआरसी मुंगेली सूर्यकांत उपाध्याय, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन महासचिव संजय उपाध्याय, जिला अध्यक्ष बलराज ठाकुर, अशोक मिश्रा, उमेश कश्यप, रोहित कश्यप, अलीम बेग, धर्मेंद्र कश्यप, पीला लाल दिवाकर, राजकमल गेंदले, नरेंद्र जांगड़े, सुनील जांगड़े, धरम चतुर्वेदी, सुभाष चतुर्वेदी, ईश्वर चतुर्वेदी, ओंकार जायसवाल, मनोज कश्यप, विश्वनाथ, हीरा पटेल, संजय निर्मलकर, राजकुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रफूला बेन त्रिपाठी



**बिलासपुर।** फजल बाड़ा जूना बिलासपुर निवासी प्रफूला बेन त्रिपाठी का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे जगदीश भाई त्रिपाठी की पत्नी एवं राजेश भाई, गोपाल भाई व हितेश भाई त्रिपाठी की भाभी थीं।

### टी राजेश्वरी



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी एन मनोहर राव की बड़ी दीदी एवं टी बालसुब्रमण्यम की पत्नी श्रीमति टी राजेश्वरी का 65 वर्ष की आयु में 7 मई को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रेलवे मुक्तिधाम तोरवा में 8 मई को दोपहर 3 बजे किया जाएगा।

### फगनी देवी सागर



**बिलासपुर।** श्रीमती फगनी देवी सागर पति स्व. लखेश्वर प्रसाद सागर का 7 मई को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 8 मई को सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अधिवक्ता प्रमोद सागर, रेलवे कार्यालय अधीक्षक विनोद सागर व शिक्षिका शशिकला गन्धर्व की माता एवं संतोष कुलदीप की बुआ थीं।

### रवि शुक्ला



**बिलासपुर।** 36 मॉल के पास विकास नगर निवासी रवि शुक्ला का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 मई की सुबह 10 बजे निज निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनीषा शुक्ला के पति एवं अनुराग व अमितेष के पिता थे।

## वनांचल के लिए वरदान बनी पीएम जनमन योजना

# सुदूर क्षेत्रों में सड़क निर्माण से आवागमन आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



सुदूर वनांचल क्षेत्रों में पहुंच मार्ग आसान होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और व्यापार तक ग्रामीणों की पहुंच बढ़ रही है। सड़कें न केवल दूरियां कम कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर और समृद्ध गांवों की नींव रखकर विकास को नई गति प्रदान कर रही हैं। और यह सब कुछ पीएम जनमन योजना के तहत संभव हो रहा है।

बिलासपर जिले के कोटा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पीएम जनमन योजना से सड़कों का निर्माण हो रहा जो क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से बेलगहना से भेलवाटिकरा मार्ग क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रही है। यह मार्ग खोंगसरा एवं अमरकंटक जाने वाले ग्रामीणों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है, जिससे आवागमन की दूरी में कमी आई है तथा समय और संसाधनों की बचत हो रही है। विखं कोटा में 'पीएम जनमन योजना' के तहत अधोसंरचना विकास को गति देते हुए वर्ष 2023-24 से वर्तमान समय तक कुल 32 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लागत 80.68 करोड़ है। वर्षवार विवरण के अनुसार वर्ष 2023-24 में 20 सड़कें 52.28 करोड़, वर्ष 2024-25 में 11 सड़कें 23.98 करोड़ तथा वर्ष 2025-26 में 1 सड़क 4.42 करोड़ की स्वीकृति हुई है। उक्त स्वीकृत सड़कों में बेलगहना क्षेत्र की 3 प्रमुख सड़कें एल 065 कोटा-बेलगहना रोड से बेंगापारा-करहीकछार, एल 071 कोटा बेलगहना रोड से डोंगरीपारा तथा एल 070 बेलगहना खोंगसरा रोड से भेलवाटिकरा का निर्माण एवं डामरीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन सड़कों की कुल लंबाई 10 किमी है, जिन पर लगभग 590.62 लाख की राशि व्यय की गई है।

### विकास की नई रफ्तार

बेलगहना क्षेत्र में 'प्रधानमंत्री जनमन योजना' के तहत सुदूर क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए रोडमैप तैयार किया गया था, जिसके तहत शासन नें 32 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्ता से कराया जा रहा है, जो सुदूर वनांचल क्षेत्रों में विकास को नई रफ्तार दे रही है।

- **अभिषेक तिवारी**, एसडीओ पीएमजीएसवाए

## तखतपुर भाजपा मंडल की मासिक बैठक



तखतपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल तखतपुर की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में पार्टी की रीति-नीति तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, किसान मोर्चा अध्यक्ष दिनेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू एवं महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि, पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। यह विजय लोकतंत्र एवं जनविश्वास की जीत है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रीतम कश्यप एवं आभार महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर संतोष कौशिक, दिनेश राजपूत, नैनलाल साहू, प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, लव पांडेय, वंदना सिंह, लता कश्यप, अमित मन्दानी, कोमल ठाकुर, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, सुनील आहूजा, महेंद्र पांडेय, श्यामा रामानंदी, गिरीश कश्यप, राजेश सोनी, जय दुबे, सूरज रजक, राघवेंद्र पांडेय, निहाल साहू, रूपेश साहू, टीकम कौशिक, अजय यादव, संतोष श्रीवास, मुनीम जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फसल पेंशन, एनपीएस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बिलासपुर।** देश के किसानों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के आर्थिक सशक्तिकरण और उनके वृद्धावस्था को सुरक्षित करने के उद्देश्य से पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीज एनपीएस का फसल पेंशन की शीर्षक वाली यह महत्वपूर्ण संगोष्ठी गुरुवार को व्यापार विहार रोड स्थित होटल आनंदा इम्पीरियल में आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के अन्नदाता कृषक एवं सभी ग्रामीण जनों को जीवन में वित्तीय सुरक्षा एवं स्वतंत्रता प्रदान करना है। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक बिलासपुर दिनेश ओरांव ने कहा कि वर्तमान में असंगठित क्षेत्र कामगारों के लिए अटल पेंशन योजना है जिसमे 1000 से 5000 तक की पेंशन मिलती है। आज के दौर में यह नाकाफी है। आयोजन में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण नई दिल्ली के उप-महाप्रबंधक मनोज कुमार तिवारी एवं शुभम खंडेलवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की बारीकियों, उचित समय पर निवेश के दूरगामी लाभों और इसके माध्यम से भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के वैज्ञानिक तरीकों को स्लाइड के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

### सीपत समाधान शिविर में 201 आवेदनों का निराकरण



**बिलासपुर।** मस्तूरी ब्लॉक के सीपत शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 331 आवेदनों में से 201 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित की गई। शिविर में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए चेक, स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर, दीपक शर्मा, जनपद पंचायत सभापति मनोज खरे, एसडीएम शिवकुमार कंवर, सीईओ मस्तुरी जेआर भगत, सीपत तहसीलदार गरिमा ठाकुर आदि शामिल हुए।

### सिम्स आडिटोरियम से निकल रहा कचरा, बदबू से डाक्टर व मरीज परेशान



**बिलासपुर।** सिम्स आडिटोरियम महज स्टूडेंट वेलफेयर के लिए ही उपयोग नहीं हो रहा है, यहां आए दिन सांस्कृतिक व राजनैतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें सैकड़ों की तादात में लोग शामिल होते हैं, इस दौरान आडिटोरियम से कचरा बाहर निकाला जाता है, लेकिन इसे सिम्स के पार्किंग में डाला जा रहा है, जिससे परिसर में गंदगी फैलने लगी है और इसके बदबू से डाक्टर, स्टाफ के साथ ही मरीज भी परेशान होते हैं। सिम्स में कुछ साल पहले आडिटोरियम का निर्माण कराया गया है, करोड़ों की लागत से बने इस आडिटोरियम में स्टूडेंट वेलफेयर, सेमीनार, प्रशिक्षण व काउंसिलिंग के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। प्रबंधन ने इसके मेटनेंस और रखरखाव में होने वाले खर्च की भरपाई के लिए इसका व्यवसायिक उपयोग भी कर रही है। जहां हर हफ्ते विशिष्ट व्यक्तियों के निर्देश पर सांस्कृतिक व राजनैतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, सिम्स प्रबंधन इसके लिए शुल्क भी ले रहा है, लेकिन कार्यक्रम के बाद आडिटोरियम की बदहाली और साफ सफाई भगवान भरोसे ही रहती है।

### भाजपा मंडल संगठन प्रभारी सहप्रभारी की घोषणा

**बिलासपुर।** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर द्वारा भाजपा मंडल संगठन प्रभारी व मंडल संगठन सहप्रभारी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन और भाजपा संभाग प्रभारी, संभाग सहप्रभारी व जिला प्रभारी के निर्देशानुसार भाजपा जिला शहर कोर ग्रुप के निर्णयानुसार यह घोषणा की गई है। इसमें बिलासपुर विधानसभा अंतर्गत बिलासपुर पश्चिम भाजपा मंडल के संगठन प्रभारी संदीप दास, सह प्रभारी धीरेन्द्र केशरवानी, बिलासपुर दक्षिण मंडल के प्रभारी मनीष अग्रवाल, सहप्रभारी महेश चंद्रिकापुरे, मध्य मंडल के प्रभारी राजेश मिश्रा, सहप्रभारी मनीष शुक्ला, पूर्वी मंडल के प्रभारी प्रवीर सेन गुप्ता, सहप्रभारी जुगल अग्रवाल, बिलासपुर उत्तर के प्रभारी रमेश लालवानी, सहप्रभारी अरविंद बोलर, रेलवे मंडल प्रभारी पंकज तिवारी, सहप्रभारी निम्मा जीवनानी को बनाया गया है। बिल्हा विधानसभा अंतर्गत तिफरा सिरगिट्टी मंडल प्रभारी सोमेश तिवारी, सहप्रभारी देवेन्द्र कौशिक, बोदरी मंडल प्रभारी बृजभूषण वर्मा, सहप्रभारी नरेश कौशिक, बिल्हा मंडल प्रभारी दिनेश पाण्डेय, सहप्रभारी घनश्याम कौशिक, बरतोरी मंडल पेंगन वर्मा, सहप्रभारी रामकुमार कौशिक को बनाया गया है। तखतपुर विधानसभा अंतर्गत तखतपुर मंडल प्रभारी संतोष कौशिक, सहप्रभारी ईश्वर देवांगन, सकरी मंडल प्रभारी दिनेश राजपूत, सहप्रभारी सतीश सोनकर, काठाकोनी मंडल प्रभारी श्याम सिंह ध्रुव, सहप्रभारी हरप्रसाद कौशिक, गनियारी मंडल प्रभारी अश्वनी शर्मा, सहप्रभारी योगेश गुप्ता और विजयपुर मंडल प्रभारी कृष्ण कुमार साहू तथा सहप्रभारी उत्तरा कश्यप को बनाया गया है।

---

**सेंट्रल विवि आया पत्र** | **यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी में पांच पदों पर नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला**

# यूजीसी ने सीयू में संविदा पदों पर रेगुलर नियुक्ति के मामले में जवाबदेही तय करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूजीसी ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी में संविदा पदों पर नियमित नियुक्ति दिए जाने के मामले में जवाबदेही तय करने कहा है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी सेंटर में अधिकारियों-कर्मचारियों के पांच पदों पर नियमित नियुक्ति दे दी गई थी, जिन्हें अब संविदा में परिवर्तित किया जा रहा है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में नियुक्तियों में गड़बड़ी मामले को लेकर यूजीसी का सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पत्र आया है। इसमें अस्थाई पदों पर नियुक्ति को लेकर यूजीसी ने यूनिवर्सिटी को जिम्मेदारी तय करके बताने कहा है। वहीं नियमित नियुक्ति से हटाकर अधिकारियों-कर्मचारियों को संविदा में उनकी नौकरी को



परिवर्तित किया जाएगा, जिसमें उनके वेतन भुगतान आदि में कितना फंड की आवश्यकता पड़ेगी, यह यूनिवर्सिटी की ओर से यूजीसी को भेजा गया है। यूनिवर्सिटी में यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था, वहां पर नियुक्ति का मामला भी रखा गया। इस ट्रेनिंग सेंटर में जहां पर टीचरों को ओरिएंटेशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। वहां के नियुक्ति के संबंध में यूजीसी से पत्र आया था, उसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एकेडमिक कौंसिल की स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया।

यूजीसी ने एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है। स्टेडिंग कमेटी के बाद यह मामला विद्या परिषद में रखा गया था और विद्या परिषद के बाद आज कार्य परिषद में मामला आया था, जिसमें नियमित अधिकारी-कर्मचारी के पद पर कार्यरत पांच लोगों को संविदा में तब्दील किए जाने का निर्णय हो चुका है।

### वर्ष 2023 में की गई थी भर्ती

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 17 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। इस विज्ञापन के अनुसार टेक्नीकल आफिसर, सेक्शन आफिसर, जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ इन पदों पर भर्ती की गई थी।

### इनकी हुई थी नियुक्ति

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की नियमित नौकरी को संविदा में तब्दील किए जाना है उनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं।

---

**नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया**

# प्रदेश की 19 नदियों का होगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के



- हाईकोर्ट की फटकार के बाद कमेटी में इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद शामिल

लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संवर्धन पर यह कमेटी काम करेगी। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। शासन द्वारा पेश जवाब में कहा गया कि 6 नदियों महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद शासन ने कमेटी में इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद को भी शामिल किया है। इससे पहले इस कमेटी में 7 सचिव स्तर के अधिकारी और एक वाइस चांसलर थे। कोर्ट इस पर नाराज हुआ था।

अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। सरकार ने इस बात पर भी सहमति जताई कि नई कमेटी गठित कर नदियों के स्त्रोतों की पहचान और संरचना सुनिश्चित की जाएगी।



### नदियों के उद्गमों की तलाश करना प्रमुख काम

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा जो कमेटी बनाई गई है उसमें सभी सरकारी अधिकारी हैं, इसलिए इसे पूरा नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि कमेटी में जानकार, तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाने चाहिए। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना। शासन ने कहा कि जिन जिलों से नदियों का उद्गम है वहां के कलेक्टर इसके अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही खनिज, वन और जिला पंचायत के अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे।

### प्राकृतिक प्रवाह पर भी ध्यान देने की जरूरत

याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि सरकार नदियों के उदगम स्थल के संरक्षण की बात तो कर रही है लेकिन इसके बाद आगे 2 किलोमीटर क्षेत्र तक के प्राकृतिक प्रवाह पर ध्यान नहीं है। इन क्षेत्रों में कब्जा करते हुए खेती हो रही है। इसे भी संरक्षित करना होगा। कहीं कोई निजी जमीन है तो उसका अधिग्रहण सरकार को करना होगा, कब्जे हटाने होंगे। इसके बाद ही नदियों का प्रवाह बेहतर हो सकेगा। हाईकोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए सरकार को इस तरफ ध्यान देने कहा है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्‌गम है जिन पर कब्जा हो चुका है।

### कमेटी में आम लोगों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं

इसस पहले गठित कमेटी पर सवाल उठाया था। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इस शपथ पत्र के अनुसार बनाई गई राज्य स्तरीय समिति को संतोषजनक नहीं बताया। चीफ जस्टिस ने कहा कि इस समिति में स्थानीय आमजनों का कोई प्रतिनिधित्व ही नहीं है कोई जनप्रतिनिधि भी शामिल नहीं किया गया है, इसलिए यह समिति फिर से गठित करने की जरूरत है। इसमें सिर्फ अधिकारी वर्ग ही शामिल है। याचिकाकर्ताओं ने भी समिति को अपर्याप्त बताया।

---

# कैशलेस हुआ बिलासपुर और उसलापुर स्टेशन का पीआरएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने बुकिंग और जनरल टिकिट काउंटर में टिकिट लेने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल पेमेंट का आर्डर जारी कर दिया है। इसमें बुकिंग कार्यालय में एक काउंटर कैश और चार काउंटर आनलाइन पेमेंट के लिए ओपन किए गए हैं।

- बिलासपुर और उसलापुर के दोनों काउंटर पर बुकिंग पेमेंट आनलाइन

वर्तमान में रेल प्रशासन ने सारे कार्यों को आनलाइन करना शुरु कर दिया है। स्टेशन के प्लेटफार्म में स्टॉल, जनआहार, फूड प्लाजा, ट्रेनों के पेंट्रीकार के टेंडर से लेकर वाहनों की पार्किंग व अन्य सारे कार्य आनलाइन किए जा रहे हैं। इन कार्यों के अलावा यात्रियों के लिए भी अब आनलाइन ट्रांजेक्शन का कार्य करने का आदेश जारी किया गया है। अब तक ट्रेनों में सफर करने वाले जनरल कोच के यात्रियों के लिए अनारक्षित टिकिट काउंटर में 9 से 10 काउंटर ओपन किए जाते थे। इन काउंटरों पर यात्रियों की लंबी कतार लग रही थी। काउंटर पर कतार अधिक होने के साथ सबसे अधिक समस्या चिल्हर की रहती थी, जिसकी वजह से प्रतिदिन यात्रियों और काउंटर पर बैठने वाले कर्मचारियों के बीच बहसबाजी हो रही थी। यात्रियों की समस्या को देखते हुए रेलवे ने आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन के अलावा आनलाइन मोबाइल यूटीएस टिकिट की सुविधा शुरु की, ताकि यात्री काउंटर के बजाय स्वयं अपनी टिकिट की खरीदी कर सकें। इसके साथ ही रेलवे आरक्षण कार्यालय में भी यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही थी। कुछ माह पहले तक आरक्षण कार्यालय के सभी काउंटरों पर यात्रियों की बुकिंग आनलाइन के साथ कैश पेमेंट के साथ की जा रही थी। इसमें यात्रियों को भी सभी काउंटरों में सुविधा मिल रही थी। अचानक जोन मुख्यालय के कामर्शियल विभाग के अफसरों ने आदेश जारी करते हुए बिलासपुर सहित रायपुर और नागपुर डिवीजन के सभी आरक्षण कार्यालयों के एक काउंटर को छोड़कर अन्य काउंटरों पर डिजिटल पेमेंट का सख्त आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश का उद्देश्य यात्रियों को सुविधा देना है।

### यात्रियों को होगी सुविधा

रेल प्रशासन ने आनलाइन और डिजिटल पेमेंट का जो भी निर्णय लिया है वह यात्रियों की सुविधा को देखते हुए है। इस निर्णय से सबसे अधिक दलाली को रोका जा सकता है। वहीं चिल्हर की समस्या से भी यात्रियों को छुटकारा मिल सकेगा।

**-अनुराग कुमार सिंह,**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

---

# अलग से खोले जाएंगे जनता भोजन के स्टाल

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर और उसलापुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए इकोनामी मील जनता भोजन के स्टॉल अलग से खोलने के आदेश दिए हैं, ताकि जनरल कोच के यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सके।

रेल प्रशासन के अनुसार ग्रीष्मकालीन मौसम के दौरान ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सामान्य श्रेणी जनरल कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा तथा उन्हें किफायती दरों पर स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल के बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, अनूपपुर रेलवे स्टेशनों पर इकोनॉमी मील जनता खाना के स्टॉल खोले गए हैं। यह स्टॉल प्लेटफॉर्म के साथ ही साथ विशेष रूप से ट्रेनों के जनरल कोच के सामने लगाए जा रहे हैं, ताकि सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसानी से किफायती एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सके। यह पहल मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में शुरू की गई है। इस सुविधा का विस्तार मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों में भी शीघ्र प्रारंभ करने की योजना बनाई जा रही है।

इन स्टॉलों में यात्रियों को मात्र 20 रुपए में पूड़ी-सब्जी अथवा लेमन राइस जैसे पौष्टिक भोजन विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त यात्रियों की पेयजल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 14 रुपए में एक लीटर पैकेज्ड पेयजल रेल नीर भी दिया जा रहा है। उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक खाद्य एवं पेय सामग्री उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध हो रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मौसम में अत्यधिक भीड़ के दौरान इकोनॉमी मील जनता खाना जैसी पहल सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

---

# 15 दिन तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी बरौनी एक्सप्रेस



**बिलासपुर।** लखनऊ रेल मंडल के जौनपुर स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से अन्य जोन की ट्रेनों के साथ एसईसीआर जोन से चलने वाली गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का मार्ग भी परिवर्तित किया जा रहा है, जो 12 से 26 मई यानि 15 दिन तक अन्य स्टेशनों से होकर चलाई जाएगी।

रेलवे प्रशासन की ओर से अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत जौनपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य जाएगा। इसकी वजह से 12 से 26 मई तक गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस व्हाया बाँसापहाड़, ओहन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, प्रयागराज रामबाग, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार मार्ग होकर बरौनी तक चलेगी।

13 से 27 मई तक बरौनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस व्हाया औड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, ओहन, बाँसापहाड़ मार्ग होकर गोंदिया आएगी। इस दौरान उक्त दोनों गाड़ियां केरावत, जौनपुर, मिर्जापुर, बिंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, शंकरगढ़, मानिकपुर स्टेशन नहीं जाएगी।

---

# चौकसे ग्रुप आफ फार्मेसी कालेज के छात्र को मिला 12 लाख वार्षिक पैकेज

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप आफ फार्मेसी कालेजेस के बी फार्मेसी छात्र हर्ष केशरवानी का चयन बेंगलुरु स्थित स्टेलारा एड्युटेक प्रायवेट लिमिटेड में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है।



**एजुकेशन प्लस**

यह उपलब्धि बिलासपुर जोन में किसी फार्मेसी छात्र को मिला अब तक का सबसे बड़ा प्लेसमेंट पैकेज माना जा रहा है, जिसने क्षेत्र के फार्मेसी प्लेसमेट इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पहली बार है जब बिलासपुर जोन के किसी फार्मेसी छात्र को बेंगलुरु में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज का अवसर प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह उपलब्धि चौकसे ग्रुप एवं बिलासपुर क्षेत्र के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। चौकसे ग्रुप आफ फार्मेसी के प्राचार्यो ने हर्ष केशरवानी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल सफल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। अपने बैच के सबसे प्रतिभाशाली एवं होनहार विद्यार्थियों में से एक बताया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर विनोद सिंह खरसन ने बताया कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि संस्थान के विद्यार्थियों की प्रतिभा समर्पण एवं इंडस्ट्री रेडी कौशल को दर्शाती है। इस रिकार्ड तोड़ प्लेसमेंट ने बिलासपुर जोन में फार्मेसी शिक्षा एवं प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है।

---


**एयू में कुलपति व रजिस्ट्रार ने ली कालेज प्राचार्यों की बैठक**

# पानी, बिजली व बैठक व्यवस्था दुरूस्त करें नहीं तो छिनेगा परीक्षा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया और रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम ने सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की बैठक ली। इस बैठक में छोटे कालेजों को यह हिदायत दी गई है कि वे अपने यहां परीक्षा आयोजन के पहले पानी, बिजली सहित बैठक व्यवस्था दुरूस्त कर लें अन्यथा उनका परीक्षा सेंटर छीना जाएगा।

अटल यूनिवर्सिटी में नए कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया के आने के बाद आज पहली बार संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की बैठक रखी गई थी, जिसमें गवर्नमेंट कालेज के साथ ही प्राईवेट कालेजों के प्राचार्य और उनके प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। बैठक को कुलपति प्रो. पटेरिया और रजिस्ट्रार श्री गौतम ने संबोधित किया। बैठक में छोटे कालेजों को यूनिवर्सिटी की ओर से साफतौर पर हिदायत दी गई है कि वे परीक्षा आयोजित होने से पहले अपने यहां पानी, बिजली सहित बैठक व्यवस्था को सुधार लें नहीं तो उनका परीक्षा सेंटर छिन जाएगा और उनके यहां के परीक्षार्थियों को पास क बड़े कालेजों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसी तरह कालेजों में यूनिवर्सिटी परिनियम की धारा 28 अंतर्गत प्राचार्यो की नियुक्ति के संबंध में चर्चा हुई और कहा गया कि जिन कालेजों में धारा 28 तहत प्राचार्य नियुक्त नहीं है वहां पर यूनिवर्सिटी अपना सुपरीटेडेंट भेजकर परीक्षा संचालित कराएगा।



### ← इन विषयों पर भी बैठक में हुई चर्चा →

बैठक दौरान प्राईवेट कालेजों में अध्ययन व्यवस्था, प्रयोगशालाओं की उपलब्धता, भवन संरचना, यूनिवर्सिटी शुल्क एवं संबद्धता शुल्क जमा करने, पात्रता प्रमाण पत्र निर्माण तथा परीक्षा फार्म समय पर यूनिवर्सिटी को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया व रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम, परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर, डिप्टी रजिस्ट्रार परीक्षा एफ कुरैशी समेत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज के प्राचार्य प्रो. यूके श्रीवास्तव, सीपत गवर्नमेंट कालेज के प्राचार्य प्रो. आरएस खेर, सीएमडी पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. संजय सिंह सहित अन्य कालेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### 15 से 30 मई तक प्रैक्टिकल परीक्षा

बैठक में एनईपी, स्नातकोत्तर, विधि एवं शिक्षा सम सेमेस्टर परीक्षा पूर्व तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि यूनिवर्सिटी की यूजी एवं पीजी प्रायोगिक परीक्षाएं 15 मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक आयोजित होगी। जून के प्रथम सप्ताह में प्रथम पाली में एनईपी परीक्षाएं तथा द्वितीय पाली में पीजी सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं शुरू होगी। इस बैठक में परीक्षा समय सारिणी, बैठक व्यवस्था, पाठयक्रम पूर्णता, प्रायोगिक परीक्षाओं की व्यवस्था, केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति, परीक्षा व्यय का समायोजन, नकल प्रकरणों पर कार्रवाई, उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल व्यवस्था पर चर्चा हुई। कालेजों में सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता तथा प्रयोगशालाओं एवं अध्ययन कक्षों की उपलब्धता जैसे विषयों पर भी बात हुई।

---

# प्रेरणादायी पहल के साथ मनाई गई स्व. तिवारी की पुण्यतिथि



**बिलासपुर।** नेहरू नगर निवासी स्व. कृष्ण कुमार तिवारी के परिजन ने प्रेरणादायी पहल के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाई। उनके पुत्र अभिनव तिवारी और अनुराग तिवारी ने पिता की स्मृति में तीन जरूरतमंद बच्चों की कक्षा 12वीं तक की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाने का निर्णय लिया। इस पहल के तहत कक्षा 8 के शुभम पांडेय, कक्षा 6 के मोहित ध्रुव और कक्षा 1 के इशान यादव की स्कूल फीस का जिम्मा लिया गया है। पुण्यतिथि के अवसर पर तिलक नगर, जूना बिलासपुर और पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिरों में शाम की आरती के बाद भोग-प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्रीमती स्मिता तिवारी, धीरेंद्र बाजपेयी, पूजा अभिनव तिवारी , अंकिता अनुराग तिवारी, अनुपमा रजत तिवारी, महेश दुबे ,अमित दुबे, ध्रुव, रोहित, शुभम ,अंकित , रवि,विक्की ,रामा, संजय, राजेन्द्र गोलू, सतीश, प्रतीक तिवारी सहित परिजन, रिश्तेदार और परिचित बड़ी संख्या में मौजूद रहे और स्व. तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 8 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




# सहकारिता विभाग में नियुक्तियां, 22 मई तक भरे जाएंगे फॉर्म

## 5 जुलाई को परीक्षा अकाउंटिंग और ऑडिटिंग से पूछे जाएंगे सवाल

**बिलासपुर।** व्यापम द्वारा आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं के तहत सब ऑडिटर के पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। सब-ऑडिटर परीक्षा में शामिल होने के उम्मीदवार 22 मई तक भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी।

सब ऑडिटर के 69 पदों में से अनारक्षित वर्ग के लिए 29, अनुसूचित जाति के लिए 8, अनुसूचित जन जाति 22 और ओबीसी वर्ग के लिए 10 पद आरक्षित हैं। बता दें कि 19 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इसमें सभी वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। परीक्षा में मुख्य रूप से अकाउंटिंग ऑडिटिंग, प्रबंधन और इकोनॉमिक्स से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। सबसे ज्यादा 35-35 सवाल अकाउंटिंग और ऑडिटिंग से पूछे जाएंगे, जबकि मैनेजमेंट और इकोनॉमिक्स से 15-15 सवाल होंगे। बता दें कि भले ही व्यावसायिक परीक्षा मंडल का स्थान छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल ने ले लिया है, लेकिन पहले से तय परीक्षाओं की भर्ती प्रक्रिया व्यापमं ही पूरी करेगा। प्रश्न पत्र में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिन्हें हल करने के लिए 2 घंटे का समय दिया जाएगा। छात्रों को ध्यान रखना होगा कि परीक्षा में 1/4 अंक की माइनस मार्किंग लागू है।







### परीक्षा केंद्र में साढ़े नौ के बाद नो एंट्री

परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होगी। गेट ठीक 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे, इसके बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही, परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी आदि) लाना अनिवार्य है। फॉर्म भरने में किसी भी तकनीकी समस्या या कठिनाई के लिए छात्र व्यापम की हेल्पलाइन नंबर संपर्क कर सकते हैं।

### स्थानीय अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क होगा वापस

सामान्य वर्ग के लिए 350 रुपए, ओबीसी के लिए 250 रुपए और एससी/एसटी/दिव्यांग के लिए 200 रुपए का आवेदन शुल्क देना होगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी जो परीक्षा में शामिल होंगे, उनका शुल्क नतीजे जारी होने के बाद उसी बैंक खाते में वापस कर दिया जाएगा। परीक्षा के दिन अनिवार्य रूप से हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर आना होगा। काले, गहरे नीले, जामुनी जैसे गहरे रंग के कपड़े और जूते पहनना सख्त मना है। छात्रों की सुविधा के लिए व्यापमं ने वन टाइम प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की व्यवस्था की है, जिससे उन्हें आवेदन करते समय बार- बार अपनी व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी पड़ेगी।

साहित्य

## उपन्यास-कहानी नए पाठकों को दे रही प्रेरणा




**बिलासपुर।** हिन्दी काव्य-साहित्य के अमर उपन्यासकार, कवि और विचारक मुंशी प्रेमचंद की अमर रचनाएं सेवा सदन, गोदान, गबन, निर्मला, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की साकेत, महान कथाकार मोहन राकेश की अंधेरे बंद कमरे में जैसी किताबें बेस्ट सेलर बनी हुई हैं। शहर के नए जमाने के पाठक इन किताबों को पढ़कर प्रेरणा हासिल करने और शब्द ज्ञान अर्जित करने खूब पढ़ रहे हैं। शहर के बुक प्वाइंट के संचालकों ने बताया कि हिंदी साहित्य के लिजेंड्री राइटर्स की किताबें आज भी डिमांड में बनी हुई हैं। नए जमाने के युवा पाठक हो या अफसर, राजनेता, छात्र-छात्राएं, हर वर्ग के लोग इनकी किताबों को प्रेरणा व ज्ञानवर्धन के लिए खरीद रहे हैं।

कार्यक्रम

## रेडक्रॉस सोसाइटी के 30 बच्चों शिक्षकों का दल रवाना




**बिलासपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस के 30 बच्चों एवं शिक्षकों के दल को रायपुर के लिए रवाना किया गया। दल को डॉ बीएल गोयल, चेयरमैन प्रबंध समिति रेडक्रॉस द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया गया। यह दल विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। कलेक्टर द्वारा सभी बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सौरभ सक्सेना, आदित्य पांडेय, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, धरम लाल साहू, रवि राज साहू, गीतेश्वरी चन्द्रा एवं सौखी लाल यादव उपस्थित रहे।

संरक्षण

## महेंद्र ने 500 से अधिक सांपों का किया सुरक्षित रेस्क्यू

**बिलासपुर।** शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्नेक रेस्क्यू के क्षेत्र में देवरीखुर्द के महेंद्र सिंह टीम के साथ बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों, घरों, दुकानों, मकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू करते हैं और उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ते हैं। इन्होंने बताया कि मुख्य उद्देश्य केवल लोगों को सांपों से सुरक्षित करना ही नहीं, बल्कि सांपों के संरक्षण के प्रति भी जागरूकता फैलाना है। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि लोगों के डर एवं अज्ञानता के कारण सांपों को नुकसान न पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान लोगों को समझाइश दी जाती है कि सांप पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी मौजूदगी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उनकी टीम हर समय इस कार्य के लिए तत्पर रहती है। किसी भी स्थान से सूचना मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य करती है। अब तक उनकी टीम द्वारा पांच सौ से अधिक सांपों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया जा चुका है। समाज में वन्यजीव संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनकी टीम लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।



धर्मक्षेत्र

## धन गुरु दरबार में कीर्तन से साध संगत हुए निहाल

**बिलासपुर।** धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहब दरबार में भाई मेहरबान सिंह साहब की मासिक वरसी के अवसर पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें कल्याण से आए भाई यंग मैन व बबल भाई ने सत्संग कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। सुखमणि साहिब का पाठ किया गया।



कीर्तन के बाद दरबार के प्रमुख भाई मूलचंद नारवानी ने विश्व शांति के लिए अरदास की। इस मौके पर सुरेश वाधवानी, सोनू लालचंदनी, नरेश मेहरचंदानी, राजेंद्र पप्पू भाई, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, गंगाराम सुखिजा, विकास बजाज, अनीता नारवानी, प्राची, सोनू लालचंदानी, वर्षा सुखिजा, मेघराज नारा, पार्षद कंचन वाधवानी, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, कशिश जैसवानी, अमृता लालचंदानी, ज्योति हिंदूजा, स्नेहा पमनानी, प्राची बजाज, बलराम रामानी, डॉ हुदलदास सोमनानी, मुरली कुकरेजा, विष्णु धनवानी, बलबीर सिंह, अविनाश हिंदूजा, राहुल पमनानी, लक्ष्मण पंजवानी, साहिल, नंदलाल पोपटानी, सोनिया कलवानी, डॉ सोनम, अक्षय, दीपक, नीलम लालवानी, रोशन सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित थे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



*श्री सोलापुरी माताजी का धार्मिक अनुष्ठान काली नृत्य के साथ चल रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में रेल्वे परिक्षेत्र के अलावा आस पास के भक्तजन शामिल हो कर माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, बी ईश्वर राव ने बताया है कि बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम किया गया है, जिसमें पूर्वी, करिश्मा, सारिका, गुड्डी ने गणेश वंदना, भगवान रामजी के गाने पर नृत्य, छत्तीसगढ़ी माताजी के गाने पर नृत्य इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम हुआ है।*



**बिलासपुर।** इस आयोजन में सामाजिक सेवियों का भी सम्मान किया गया है, जिसमें अधिकांश महिलाऐं रहती है। शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा सामूहिक कुमकुम पूजा किया जाएगा। संध्या 8 बजे से माता नौकालम्मा का भक्तों को दर्शन प्राप्त होगा। समिति के अध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने बताया कि समिति द्वारा 10 मई को सुबह 9 बजे महाकुंभ पूजा का विशेष अनुष्ठान चलेगा। बी लक्ष्मी एवं समूह के द्वारा ललिता सहस्त्रनाम देवी ललिता त्रिपुरा सुंदरी के एक हजार पवित्र नामों का स्तोत्र का पाठ किया जाएगा। रविकन्ना ने बताया कि कुमकुम पूजा का महत्व हिंदू धर्म में पूजा-पाठ और दैनिक जीवन में कुमकुम (रोली) अत्यंत पवित्र, शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है। यह शक्ति, ऊर्जा और सौभाग्य का प्रतीक है, जो देवी-देवताओं को समर्पित कर सकारात्मक ऊर्जा और परिवार का सुरक्षा का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। विवाहित महिलाओं द्वारा माथे पर कुमकुम (सिंदूर) लगाना उनके सुहाग, सौभाग्य और लंबी आयु का प्रतीक माना जाता है।

## ईश्वर भक्तों की निष्काम भक्ति को कभी नहीं भूलते

*श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा मित्रता, प्रेम और समर्पण की अमर कहानी है। यह कथा दर्शाती है कि ईश्वर अपने सच्चे भक्त और मित्र की निष्काम भक्ति को कभी नहीं भूलते हैं। सुदामा और भगवान कृष्ण बचपन के परम मित्र थे। दोनों ने साथ मिलकर महर्षि सांदीपनि के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी।*



चंद्रमौली मंदिर सरकंडा में चल रही श्रीमद भागवत कथा


**बिलासपुर।** ये बातें इमलीभाठा सरकंडा स्थित चंद्रमौली मंदिर के पास आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक पं. रमाशंकर पांडेय ने गुरुवार को श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही।

उन्होंने बताया कि गुरुकुल के दिनों में एक बार जब जंगल में लकड़ियां लाने गए, तो सुदामा भूख के कारण गुरुमाता द्वारा दिए गए चने कृष्ण को बिना बताए अकेले खा गए। कृष्ण को यह बात पता थी लेकिन उन्होंने तब कुछ नहीं कहा। शिक्षा पूरी होने के बाद दोनों अपने-अपने जीवन में आगे बढ़े। कृष्ण द्वारिका के राजा बन गए और सुदामा एक अत्यंत साधारण ब्राह्मण का जीवन बिताने लगे और हमेशा ईश्वर के भजन में लीन रहे। एक दिन पत्नी के आग्रह करने पर सुदामा द्वारिकाधीश कृष्ण से मिलने गए। पत्नी ने पड़ोसियों से मांग कर चावल की एक पोटली बनाई और सुदामा को रास्ते में खाने के लिए दी। सुदामा द्वारिका में महलों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। जब द्वारपाल ने कृष्ण को बताया कि एक सुदामा नाम का व्यक्ति उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है, तो कृष्ण नंगे पैर ही अपने मित्र से मिलने के लिए दौड़ पड़े। महल में पहुंचकर कृष्ण ने सुदामा को प्रेम से गले लगाया और अपने राजसिंहासन पर बिठाया। कृष्ण ने सुदामा के पैरों को धोने के लिए जल मंगाया, लेकिन आंसुओं की करुणा इतनी अधिक थी कि उनके आंसुओं से ही सुदामा के पैर धुल गए। कुछ दिन बिताने के बाद सुदामा बिना कुछ मांगे ही अपने घर के लिए वापस लौट पड़े। पूरे रास्ते वे कृष्ण की उदारता और मित्रता के बारे में सोच रहे थे। जब सुदामा अपने गांव पहुंचे, तो वे अपनी कुटिया ढूंढने लगे। उस जगह पर एक सुंदर महल खड़ा था और उनकी पत्नी राजसी वस्त्रों में बाहर आईं तब सुदामा को समझ आया कि यह सब उनके मित्र कृष्ण की ही कृपा है।

## नन्हे योग प्रशिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

शुद्ध योग केंद्र में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

**बिलासपुर।** इस आयोजन में योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिंहा, विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश तिवारी, ऋषि केसरी, मदन कुमार पाठक, मंजू लता पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शुद्ध योग केंद्र की संचालिका डॉ. मोनिका पाठक के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ में योग के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शुद्ध योग केंद्र समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर रहा है और आने वाले समय में यह अभियान और व्यापक रूप लेगा। सभी ने "सबका साथ, सबका विश्वास" के भाव के साथ योग को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान डॉ मोनिका पाठक की उपलब्धियों, उनके पेटेंट, पुस्तकों और शोध पत्रों पर भी विशेष चर्चा की गई। योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि डॉ पाठक ने कम उम्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है।





### बच्चों ने योग का किया प्रदर्शन

कार्यक्रम में मुनमुन केसरी, श्वेता सुमन, अनंत, भूपेंद्र, नन्हे योग अनुदेशक सार्थक अग्रवाल, त्रिशिका, रीत, प्रणव विश्वकर्मा, आर्य विश्वकर्मा, कियांश, आयुष, गणेश, शिवांश, क्रीधा, भावना मिश्रा, भावना नथनी, तुलसी विश्वकर्मा, अंकित अग्रवाल, सिंपल अग्रवाल, इशांत, आध्या, वीर, दिव्या, अथर्व, भाव, लड्डु, गोरा, अदिति और मुस्की सहित कई बच्चों ने योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इन नन्हे योग प्रशिक्षकों की ऊर्जा और समर्पण ने उपस्थित लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया।



## एसएसपी ने 40 हॉकी खिलाड़ियों को खेल सामग्री प्रदान की

**बिलासपुर।** खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पुलिस मैदान में हॉकी खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की गई।

इस दौरान खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक, बॉल, किट एवं अन्य आवश्यक खेल सामग्री प्रदान की गई। एसएसपी ने खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने, मेहनत और लगन के साथ अपने खेल को निखारने तथा जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी, कोच एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने खेल सामग्री मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए पुलिस विभाग के इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा।

## खबर संक्षेप

### शिव चौक नदी रोड में हथियार लहराते बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने कुदूदण्ड शिव चौक नदी रोड में हथियार लहराकर दहशतगर्दी मचाते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कुदूदण्ड शिव चौक नदी रोड में एक युवक धारदार हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कुदूदण्ड निवासी हिमांशु ठाकुर पिता सुरेश सिंह ठाकुर 25 साल को पकड़कर लोहे का धारदार हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### घर से 3 लाख के सोने के जेवर पार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र के एक मकान से रहस्यमय ढंग से 3 लाख रुपए के सोने के जेवर की चोरी हो गई है। पूछताछ में नौकरानी से चोरी करने से इनकार कर दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक विहार फेस 1 निवासी दवाई कंपनी के मैनेजर रितेश कुमार शर्मा पिता कौशल किशोर शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 16 अप्रैल को उनकी पत्नी नीलम शर्मा ने उन्हें बताया कि उन्होंने दीवान के गद्दे के नीचे सोने की चेन रखी थी, जो नहीं मिल रही है। उन्होंने आलमारी चेक किया तो उसमें रखे एक जोड़ी सोने के टाप्स, एक जोड़ी बाली, पर्स भी नहीं था। उन्होंने घर में काफी तलाश की किन्तु जेवर नहीं मिला। उन्होंने घर में काम करने वाली पूनम यादव से पूछताछ की, उसने इस संबंध में जानकारी होने से इनकार कर दिया। अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर 3 लाख रुपए के सोने के जेवर की चोरी कर ली है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरिए गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने मोबाइल में आईपीएल मैच क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजीव गांधी चौक के पास दो सटोरियों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते सिंधी कालोनी निवासी मुकेश मोटवानी पिता खेमचंद मोटवानी 39 साल, लखन लेखवानी पिता किशोर लेखवानी को पकड़ लिया। मोबाइल की जांच करने पर 6 सट्टापट्टी के स्क्रीनशाट मिला। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 1700 रुपए नकद व दो मोबाइल मिला है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### साथ चलने से मना करने पर युवक को मारा चाकू

**बिलासपुर।** साथ चलने से मना करने से एक युवक के साथ दो युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके पैर में चोट आई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, शरदा मंदिर निवासी ज्योति सिंह पति अभिलाष सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 6 मई को दोपहर 3 बजे वे अपने घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान डी यादव व टिल्ली आए और उनके बेटे अविनाश सिंह को साथ चलने कहा। अविनाश ने जाने से मना किया तो दोनों युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों युवकों ने मारपीट कर उसके पैर में चाकू से हमला कर दिया है। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो दोनों हमलावर भाग निकले। पुलिस ने ज्योति सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर डी यादव, टिल्ली के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



## ट्रेनों में बढ़ी भीड़, यात्री हलाकान



**बिलासपुर।** गर्मी की छुट्टियां शुरु होने के साथ ही सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है, जिसके कारण दो माह पहले आरामदायक सफर करने वाले यात्री भी हलाकान हो रहे हैं। रेल प्रशासन ने वेटिंग टिकिट वाले यात्रियों को एसी और स्लीपर कोच में सफर करने पर पाबंदी लगा दी है। जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ से पैर रखने की जगह नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण ज्यादातर यात्री स्लीपर कोच का सहारा ले रहे हैं। भीषण गर्मी के समय यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के कारण कंफर्म बर्थ वाले यात्री परेशान होने लगे हैं। गेट के सामने रखे सामानों की वजह से आने-जाने की जगह भी नहीं मिल रही है।

### निगम ने सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया था

# बृहस्पति बाजार हटाने पर हाईकोर्ट की रोक, यथास्थिति का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को हटाने और तोड़फोड़ पर फिलहाल हाईकोर्ट की रोक जारी रहेगी। कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया है। दरअसल निगम ने बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया था। साथ ही नए रिवर व्यू और फिर मुन्नूलाल शुक्ला स्कूल में शिफ्ट होने कहा गया था। इसके खिलाफ व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें निगम की नोटिस को गलत बताया गया था। व्यापारियों की ओर से कहा गया था कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम सब्जी व्यापारियों को जो कि सालों से उसी जगह पर अपना बाजार कर रहे हैं हटा रहा है। नई जगह पर निगम ने कोई व्यवस्था भी नहीं की है। नई जगह पर धूल उड़ रही है तो शेड और चबूतरे नहीं बनाए गए हैं। सब्जियों के साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम पिछले कुछ दिनों से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद 16 दिसंबर की शाम को निगम अमले ने बाजार क्षेत्र की सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया। इसमें लिखा कि सात दिनों में जगह खाली कर दी जाए नहीं तो निगम एकतरफा तोड़फोड़ कार्रवाई करेगा।



### नोटिस की प्रकिया का पालन नहीं

निगम की नोटिस से हड़कंप मच गया। व्यापारी इसे तानाशाही बता रहे हैं और ऐलान किया गया है कि निगम ने जबरदस्ती जगह खाली करने दबाव डाला तो शहर में सब्जी आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि निगम मनमानी कर रहा है। नोटिस देने की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया जा रहा है। पहले नोटिस में कम से कम 30 दिनों की मोहलत दी जाती है लेकिन निगम सिर्फ सात दिनों में हटने को कहा गया। यह किसी तरह से जायज और संभव ही नहीं है। व्यापारी सालों से इसी जगह पर कारोबार करके अपना परिवार पालते हैं। बाहर से आ रही सब्जियां भी बड़ी गाडियों में आकर यहीं रुकती हैं। अब नई जगह पर बिना किसी व्यवस्था के शिफ्ट होना कैसे संभव होगा। कई व्यापारी लीजधारी हैं इसके बाद भी हटाया जा रहा है।

### रिएलाटमेंट के लिए गाइडलाइन तैयार नहीं

दायर याचिका में कहा गया कि निगम नई जगह पर शिफ्टिंग के साथ ही मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने के बाद व्यापारियों को फिर से जगह एलाट करने की बात कह रहा है लेकिन निगम ने इसके लिए पहले से कोई गाइडलाइन तय नहीं की है। नया बाजार बन जाने के बाद किन व्यापारियों को कितनी जगह, किन शर्तों पर दी जाएंगी इस बारे में निगम का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। क्या निगम जगह एलाट के लिए किराया या प्रीमियम लेगा और हां तो कितना इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

### पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर हो रहा विचार

पिछले सप्ताह निगम ने यहां के व्यापारियों को नोटिस देते हुए दस्तावेज जमा करने कहा था। निगम की ओर से कहा गया था कि बाजार स्थल पर एक नया प्रोजेक्ट लाया जा रहा है ताकि पात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों, सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। अधिकारियों के मुताबिक इस उद्देश्य से, एक नया कॉम्प्लेक्स, मार्केट कॉरिडोर का अनुमोदन हो चुका है। इसी प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, दस्तावेजों की जांच, पात्रता निर्धारण के अनुरूप, वर्तमान में वैध रूप से कार्य कर रहे चबूतरा लाइसेंसी / सब्जी विक्रेताओं के पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।

# एडवांस पेमेंट के साथ ऑनलाइन बुकिंग, सिलेंडर का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मगरपारा के पंद्रह से भी अधिक इंडेन एलपीजी उपभोक्ताओं ने गुरूवार को खाली गैस सिलेंडर लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्होंने गैस सिलेंडर के लिए दस दिन पहले ऑनलाईन बुकिंग की थी। एडवांस में पूरा भुगतान भी कर दिया। यहां तक कि उनके खाते में सब्सिडी की राशि भी जमा हो चुकी है, लेकिन गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर की कमी बताकर सिलेंडर देने से मना किया जा रहा है।

■ सब्सिडी का पैसा भी आया

शहर में एलपीजी गैस सिलेंडर के वितरण को लेकर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मगरपारा में रहने वाले इंडेन गैस के बालाजी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं द्वारा दस दिनों पहले गैस सिलेंडर की रिफिल के लिए फोन पे के जरिए ऑनलाईन बुकिंग की गई। इस दारौन एडवांस में 1001 रूपए का एडवांस में भुगतान भी कर दिया गया। इसके कुछ दिनों बाद लोगों के खाते में गैस सब्सिडी के 367 रूपए जमा भी हो गए, लेकिन गैस सिलेंडर का आज दिनांक तक पता नहीं है। अपने गैस सिलेंडर की रिफिल के लिए लगातार बालाजी गैस एजेंसी के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके उपभोक्ताओं ने आखिरकार गुरूवार को इसकी शिकायत कलेक्टर से की।

उपभोक्ताओं ने बताया कि घंटों लाईन में लगने के बाद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं होने व किसी और दिन आने की बात कही जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि इस संबंध में इनके द्वारा दी जा रही लिखित शिकायत को भी एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर की खाली टंकी लेकर काफी देर तक कलेक्टोरेट में प्रदर्शन भी किया।



बालाजी गैस एजेंसी की शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे उपभोक्ता।

### बगैर डिलीवरी सब्सिडी कैसे संभव

एक सामान्य प्रक्रिया के अनुसार गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं को संबंधित गैस एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर की रिफिल उपलब्ध करा देने देने के बाद सब्सिडी की राशि उपभाक्ताओं के खाते में पहुंचती है। जबकि इस मामले में सब्सिडी के 367 रूपए खाते में जमा हो चुके हैं, लेकिन सिलेंडर का कई दिनों बाद तक पता नहीं है। गैस कंपनी वाले भी इस मामले को समझ से परे बता रहे हैं।

### गैस एजेंसी में बोला गया गैस की किल्लत है

अपने गैस सिलेंडर की रिफिल के लिए लाईन में लगने के बाद एजेंसी द्वारा सिलेंडर नहीं देने पर गुस्साए उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी द्वारा यह कहा गया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है। ऐसे में सिलेंडर नहीं मिलने पर हंगामा मचाना सही नहीं है। हैरत की बात यह है कि एक ओर जहां जिला प्रशासन गैस की आपूर्ति पर्याप्त होने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी उपभोक्ताओं को गैस की किल्लत बताकर चलता कर रही है।

### कुछ सिलेंडरों को लेकर समस्या चल रही है

बालाजी गैस कंपनी के संबंध में पहले भी कलेक्टर के निर्देशानुसार जांच की जा चुकी है। यहां लगभग पांच सौ सिलेंडरों के स्टॉक को लेकर कुछ प्रॉब्लम चल रही है। इस संबंध में हमने आईओसीएल के राज्य स्थित रीजनल ऑफिस में भी अधिकारियों से चर्चा की है। कंपनी और एजेंसी के बीच जो भी मतभेद है, उसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। पूरी संभावना है प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लेगा।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

# रायपुर की उड़नदस्ता टीम ने की अधूरी जांच

### मरवाही वन मंडल की ओर से बिलासपुर सीसीएफ को दी गई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वन मंडल में अवैध लकड़ी की कटाई के मामले में रायपुर से आई उड़नदस्ता की टीम ने जांच अधूरी की और वापस रवाना हो गई। इस दौरान एक कक्ष क्रमांक के बाद दूसरे की जांच नहीं की गई, जिसके कारण मामला अधूरा रह गया। इसके लिए वनमंडलाधिकारी की ओर से बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ को अपनी रिपोर्ट भेजी गई है, जिसमे छोड़ी गई लकड़ी का आंकलन और रेंजर सहित तीन कर्मचारियों को सस्पेंड करने का भी प्रस्ताव शामिल किया गया है।

■ रेंजर सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित करने का भी प्रस्ताव

वन मंडलाधिकारी की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदेश स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने परिवृत्त पीपरखूंटी परिसर परिक्षेत्र में 23 और 24 अप्रैल तक बीट निरीक्षण किया, जिसमें पीपरखूंटी परिसर के पांच कक्षों में 122 नग ठूंठ मौके पर पाए गए। 2 हजार 60 हजार 82 रुपए की हानि का प्रतिवेदन उड़नदस्ता दल ने 24 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया। 25 अप्रैल को दल प्रभारी के संज्ञान में यह बात लाई गई कि उड़नदस्ता दल ने पांच कक्षों के बीट जांच में पाए गए अवैध कटाई से छोड़े गए ईमारती काष्ठ को नुकसान की गणना में शामिल नहीं किया। इसके उपरांत गौरेला के एसडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। टीम ने जांच में पाया कि पीपरखूंटी परिसर के पांच कक्ष में 3.026 घन मीटर अवैध कटाई से छोड़ी गई ईमारती काष्ठ को शामिल नहीं किया गया था। कक्ष क्रमांक 2299, 2300, 2301 एवं 2325 में पाई गई वृक्षों की कटाई ईंधन, मकान, निर्माण, बाड़ी निर्माण आदि कार्यो एवं स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति किए जान के उद्देश्य से की गई। गौरेला एवं मरवाही परिक्षेत्र में कमजोर जनजाति समूह रोजमर्रा के कार्यो के लिए वृक्षों पर निर्भर हैं, जो अपने उपयोग के लिए चार, सेन्हा आदि वृक्षों को काट देते हैं। विभाग की ओर से समझाइश एवं चेतावनी देने के बाद भी वह अपनी पारंपरिक जीवन शैली को त्यागने तैयार नहीं हैं।

### 1964 के सागौन पौधरोपण में चोरी

जांच समिति की ओर से अनुशंसा की गई कि कक्ष क्रमांक 2305 में वर्ष 1964 के सागौन पौधरोपण में वाणिज्यिक उद्देश्य से अवैध कटाई और सागौन लकड़ी की चोरी की गई है। 3.026 घन मीटर अवैध कटाई से छोड़ी गई लकड़ी का संज्ञान वृत्त स्तरीय और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने नहीं लिया। आंकलन में 1 लाख 99 हजार 972 रुपए के 42 ठूंठ पाए गए। प्राप्त 3.062 घन मीटर वनोपज की राशि गैर वाणिज्यिक दर 1 लाख 17 हजार 797 होती है, जिसके कारण केवल 82175 रुपए का नुकसान है। इस राशि की वसूली परिसर रक्षक, परिक्षेत्र सहायक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन प्रबंधन समिति से लिया जाए।

### भेजी गई है रिपोर्ट

अवैध लकड़ी कटाई के मामले में प्रदेश की उड़नदस्ता टीम ने जांच की। इसके बाद डिवीजन की ओर से भी जांच कमेटी बनाई गई थी। सारे आंकलन करने के बाद नुकसान 82175 रुपए का बताया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में बीट गार्ड को निलंबित कर दिया गया था। वहीं वन पाल और रेंजर को भी सस्पेंड करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

-ग्रीष्मी चांद, डीएफओ, मरवाही वन मंडल

### सीएसपी के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम बनी

**बिलासपुर।** एसएसपी ने पथरी के इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में जांच के लिए पृथक से सीएसपी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है। रात में पुलिस टीम श्रीराम केयर हास्पिटल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर का मुआयना कर फुटेज पेश करने प्रबंधन को नोटिस दिया है। उक्त जांच दल में सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई सुम्मत राम साहू, एसआई कृष्णा साहू, एएसआई चंद्रकांत डहरिया, आरक्षक आशीष कुर्रे शामिल हैं। सीएसपी श्री परिहार के निर्देश पर पुलिस टीम रात में नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल पहुंची। टीम के द्वारा आरक्षक जिस वार्ड में भर्ती था, आपरेशन थियेटर, डायलिसिस वार्ड का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर का अवलोकन किया गया है। टीम के द्वारा हास्पिटल प्रबंधक को फिर से नोटिस देकर आरक्षक के भर्ती से लेकर मृत्यु तक सभी सीसीटीवी कैमरे का फुटेज मांगा गया है।

# बहन की जमानत के लिए कोर्ट में झूठा शपथ पत्र पेश किया, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एनडीपीएस एक्ट में जेल में बंद बहन की जमानत के लिए कोर्ट में झूठा शपथ पत्र पेश करने वाले भाई व जेल में बंद बहन के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा निवासी सृष्टि कुर्रे एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में बंद है। 28 अप्रैल को उसके भाई सुभाष कुर्रे ने तृतीय अपर सत्र न्यायाशीश किरण त्रिपाठी के न्यायलय में प्रथम बताते हुए शपथ पत्र पेश किया। कोर्ट के रिकार्ड की जांच में खुलासा हुआ 10 फरवरी को विशेष एनडीपीएस न्यायालय से सृष्टि कुर्रे के लिए जमानत अर्जी लगी थी जो निरस्त हो चुकी है। कोर्ट ने जानबूझकर अदालत से तथ्य छिपाकर गुमराह करने का प्रयास करने पर दोनों भाई बहन के खिलाफ जुर्म दर्ज करने का निर्देश दिए। कोर्ट के लिपिक नरेन्द्र श्रीवास की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुभाष कुर्रे व जेल में बंद सृष्टि कुर्रे के खिलाफ बीएनएस की धारा 229, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर







तेज रफ्तार स्कार्पियो के ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, ग्राम खोरसी निवासी विजय कुमार कुर्रे ने रिपोर्ट लिखाई। 6 मई को उनका भतीजा रघुनंदन कुर्रे राजा बंजारे के साथ पल्सर क्रमांक सीजी 12 एन, 8477 से जा रहा था। दोहपर 1 बजे वह मस्तूरी रोड अम्बेडकर चौक के आगे पहुंचा था। इसी दौरान सामने से आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 1589 के ड्राइवर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद रघुनंदन कुर्रे को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजा बंजारे की स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने विजय कुर्रे की रिपोर्ट पर स्कार्पियों चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।